सत्यमेव जयते

# ASHISH SOOD

MINISTER OF HOME, POWER, URBAN DEVELOPMENT, EDUCATION, HIGHER EDUCATION, TRAINING & TECHNICAL EDUCATION
GOVT. OF NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI

प्रिय दिल्ली वासियों,

नमस्कार,

माननीय मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता जी के आह्वान पर हम सभी को मिलकर दिल्ली को स्वच्छ और ऊर्जा–आत्मनिर्भर बनाना है। बढ़ती खपत और प्रदूषण के बीच रुफटॉप सोलर ही वह उपाय है जो आपका बिजली बिल घटाता है और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा व सुरक्षित भविष्य देता है। आइए, अपनी छत को बिजली घर बनाकर स्वच्छ ऊर्जा अपनाएं।

**क्यों अपनाए रुफटॉप सोलर?**

रुफटॉप सोलर अपनाने से आपका बिजली बिल शून्य हो सकता है। यह हर मौसम में बिजली पैदा करता है और एक बार का निवेश आपका पूरे 25 साल तक लाभ देता है। इसके लिए बहुत बड़ी जगह की भी जरुरत नहीं होती– केवल लगभग 80 वर्ग फुट छाया–रहित छत पर 1 किलोवाट का सिस्टम लगाया जा सकता है।

"प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना" और "दिल्ली सौर ऊर्जा नीति" के तहत दिल्लीवासियों को सोलर प्लांट पर ₹1.08 लाख रुपये तक की सब्सिडी मिलती है। उदाहरण के लिए, 3 किलोवाट का प्लांट लगभग ₹2 लाख का आता है। इसमें केंद्र से ₹78,000 और दिल्ली सरकार से ₹30,000 की सब्सिडी मिलकर कुल ₹1.08 लाख हो जाती हैं। यानी उपभोक्ता को सिर्फ ₹92,000 देने होते है। जिसे आसान बैंक लोन (लगभग 6% ब्याज दर पर) से भी चुकाया जा सकता है। हाउसिंग सोसइटी (RWA/GHS) को भी ₹20,000/KW सब्सिडी मिलती है।

इसके साथ ही 5 साल तक अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि (GBI) भी मिलती है– 3 KW तक प्रति यूनिट ₹3 और 3–10 KW तक प्रति यूनिट ₹2।

आइए, बचत का सरल हिसाब समझें–

अगर आपकी मासिक खपत 500 यूनिट है तो 3 KW सोलर सिस्टम से आपका बिजली बिल शून्य हो सकता है। इससे लगभग ₹3,000 प्रतिमाह की बचत होगी। साथ ही, 5 साल तक ₹900 प्रतिमाह अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि (GBI) भी मिलेगा। कुल मिलाकर 25 साल में आप लगभग ₹9 लाख तक बचा सकते हैं।

इसलिए आज ही www.pmsuryaghar.gov.in पर आवेदन करें, अपना अधिकृत वेंडर चुनें और अपनी बिजली कंपनी (डिस्कॉम) के टोल–फ्री नंबर पर संपर्क करें।

आइए, जिम्मेदारी और गर्व के साथ सौर ऊर्जा अपनाएं एवं दिल्ली को रोशन करें।

सादर,

भवदीय,

ashish

(आशीष सूद)
ऊर्जा मंत्री, दिल्ली

A-Wing, 7th Level, Delhi Secretariat, I.P. Estate, New Delhi-110002
Tel. No.:23392116, 23392117 Email : min-hep@delhi.gov.in

BSES
BSES Rajdhani Power Limited
a joint venture with GONCTD

Great Place To Work Certified DEC 2024–DEC 2025 INDIA

HAPPY Diwali

# SAMVAD

## बीएसईएस आपके द्वारः सौर और अन्य सेवाएँ उपभोक्ता के दरवाजे तक

बीएसईएस ने मालवीय नगर (सफदरजंग एन्क्लेव, हौज़ खास, ग्रीन पार्क और आसपास के इलाकों को कवर करते हुए), तुगलकाबाद गांव एवं आसपास के इलाकों में आपके द्वार – सौर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए। इन कार्यक्रमों का नेतृत्व बीआरपीएल के सीईओ श्री अभिषेक रंजन और वरिष्ठ टीमों ने किया और इसमें समुदाय की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई।

मालवीय नगर कार्यक्रम में सुश्री बांसुरी स्वराज, माननीया सांसद (लोकसभा) और श्री सतीश उपाध्याय, माननीय विधायक उपस्थित थे, जबकि तुगलकाबाद ग्राम कार्यक्रम में श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी, माननीय सांसद (लोकसभा) मौजूद थे।

दोनों पहलों में पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना और दिल्ली सौर नीति के लाभ प्रदर्शित किये गये, साथ ही इसने सौर पंजीकरण, स्ट्रीटलाइट स्कीमों, बिलिंग और मीटरिंग समस्याओं, लोड/ श्रेणी बदलाव और ऊर्जा कुशलता कार्यक्रमों के लिए वन–स्टॉप सेवा केंद्र के रुप में भी काम किया।







## दिल्ली की मुख्यमंत्री ने स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने के लिए नए स्विचिंग सब-स्टेशनों का उद्घाटन किया

सेवा पखवाड़ा के अवसर पर, दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने डीटीसी ई–बस डिपो में छह अत्याधुनिक स्विचिंग सब–स्टेशनों का उद्घाटन किया, जिसमें लगभग 1,200 इलेक्ट्रिक बसों को पावर मिलेगी और दिल्ली को भारत की ईवी राजधानी बनाने के विजन को बढ़ावा मिलेगा।

समारोह में श्री आशीष सूद, माननीय ऊर्जा मंत्री; डॉ. पंकज कुमार सिंह, माननीय परिवहन मंत्री; माननीय सांसद श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी और श्री योगेन्द्र चंदोलिया; और माननीय विधायक श्री करनैल सिंह, श्री मनोज कुमार शौकीन और श्री राज करण खत्री ने भाग लिया। बीएसईएस टीम का नेतृत्व बीआरपीएल के सीईओ श्री अभिषेक रंजन और बीवाईपीएल के सीओओ श्री ब्रजेश कुमार ने किया।

बीआरपीएल ने पीरागढ़ी, श्रीनिवासपुरी, अंबेडकर नगर, नांगलोई और ओखला में पांच सब–स्टेशन बनाए हैं, और एक उत्तरी दिल्ली के नरेला में है। ये सब स्टेशन मिलकर लाखों दिल्लीवासियों को तेज़ चार्जिंग, बिना रुकावट बिजली और स्वच्छ हवा का वादा करते हैं।












आपूर्ति से संबंधित शिकायतें दर्ज करें
बिजली गुल
कम वोल्टेज
आपातकाल

बिल और भुगतान सहायता
बिल देखें व भुगतान करें
बिल विवरण
भुगतान रसीद

eLECTRIC पुरस्कार
बैलेंस चेक करें
पॉइंट रिडीम करें

Available on the App Store
Available on the Android Market

8800919123 पर हमें Hi कहें और हमारी निम्नलिखित सेवाओं का लाभ उठाएं

टॉल फ्री 24x7 19123

वॉट्सऐप सपोर्ट 8800919123 | सुविधाजनक | तुरंत | 24 x 7

अपने फीडबैक भेजें: कारपोरेट कम्युनिकेशन, बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड, बीएसईएस भवन, नेहरु प्लेस, नई दिल्ली–110019
CIN No.: U40109DL2001PLC111527, GSTIN.: 07AAGCS3187H2Z3 19123 www.bsesdelhi.com www.facebook.com/bsesdelhi https://twitter.com/BSESDELHI

संवाद में एडवरटाइज के लिए brpl.bdg@reliancegroupindia.com पर ईमेल करें | बीआरपीएल राजधानी पावर लिमिटेड संवाद में प्रकाशित एडवरटिजमेंट के लिए कानूनी रुप से जिम्मेवार नही है।

# उपभोक्ता के लिए सुरक्षा संबंधी परामर्श:
## बिजली के झटकों से सुरक्षा दिलाने वाली पहली पंक्ति



बिजली से हमारा जीवन ऊर्जा प्राप्त करता है, लेकिन इसके अपने खतरे भी हैं। बिजली के तारों की एक मामूली गड़बड़ी या एक छोटी-सी घटना ही बिजली के तगड़े झटके या इलेक्ट्रोक्यूशन का कारण बन सकती है। खुशकिस्मती से एक ऐसा छोटा मगर शक्तिशाली उपकरण डिवाइस उपलब्ध है जो हमें इन झटकों, करंट से सुरक्षा दिलाता है, यह है आरसीसीबी (RCCB) यानि रेजीडुअल करंट सर्किट ब्रेकर।

## आपकी सुरक्षा के लिए आरसीसीबी अपरिहार्य क्यों है?

आरसीसीबी लगाना न केवल स्मार्ट उपाय है बल्कि ऐसा करना कानूनन जरूरी भी है। सीईए विनियमन सं. 44 के अनुसार, प्रत्येक घर एवं ऑफिस को रेजीडुअल करंट सर्किट ब्रेकर आरसीसीबी , जिसकी सेंसटिविटी 30mA या कम होनी चाहिए, से सुरक्षित करना अनिवार्य है।

आरसीसीबी वास्तव में, इसी सुरक्षा की दृष्टि से तैयार किया गया आधुनिक, उन्नत मानक है।




**आरसीसीबी (आधुनिक एवं सटीक):** यह डिवाइस फेज (लाइव) और न्यूट्रल तारों से प्रवाहित हो रहे इलैक्ट्रिकल करंट के बैलेंस पर लगातार निगरानी रखता है। जैसे ही इसे किसी तरह के असंतुलन या "रिसाव" लीकेज का पता चलता है, बेशक वह कितना भी मामूली ही क्यों न हो, यह तत्काल ट्रिप कर जाता है और बिजली सप्लाई काट देता है।



**ईएलसीबी (पुरानी टेक्नोलॉजी):** यह पुरानी डिवाइस है जो केवल उस स्थिति में ही ट्रिप करती है जबकि इसे अर्थ वायर में करंट होने का पता चलता है। यानि,यह पूरी तरह से आपके बिजली कनेक्शन में अर्थिंग की क्वालिटी पर निर्भर है, और यही वजह है कि कम भरोसेमंद है।


### आरसीसीबी तत्काल एक्शन लेने वाला सेफ्टी-गार्ड है जो आपको निम्न से सुरक्षा दिलाता है:



घातक इलैक्ट्रिक शॉक और इलेक्ट्रोक्यूशन



इलेक्ट्रिकल आग



एप्लायंस और प्रॉपर्टी को नुकसान

## आरसीसीबी किस प्रकार से जिंदगी की सुरक्षा करता है?


आप आरसीसीबी को अपने इलेक्ट्रिकल सिस्टम को हाइ-स्पीड बॉडीगार्ड की तरह से देख सकते हैं।

1. लगातार निगरानी: यह लगातार आपके एप्लायंसेज में जाने और बाहर आने वाले करंट पर नजर रखता है।
2. सामान्य स्थिति: सुरक्षित सर्किट में, ये दोनों प्रकार के करंट बराबर होते हैं।
3. खतरे को पकड़ना: यदि कोई व्यक्ति किसी लाइव वायर या खराब एप्लायंस को छूता है, तो मामूली करंट उनके शरीर से होते हुएजमीन में चला जाता है। इससे एक प्रकार का असंतुलन पैदा होता है।
4. तत्काल कार्रवाई: जैसे ही यह असंतुलन सुरक्षित सीमा 30mA को पार करता है, आरसीसीबी मिलीसेकंड्स में ही बिजली को काट देता है और इसकी रफ्तार दिल की एक धड़कन से भी तेज होती है जिससे गंभीर चोट या मृत्यु तक से बचाव होता है।



# आरसीसीबी इंस्टॉल करने के लिए आवश्यक जानकारी और प्रयोग


**इसे कहां इंस्टॉल किया जाता है?** आरसीसीबी को आपके मेन डिस्ट्रिब्यूशन बोर्ड डीबी बॉक्स में, आपकी एमसीबी के बराबर में इंस्टॉल किया जाता है। इसके ऊपर एक छोटे आकार का "TEST" बटन होता है।
**इसे कौन इंस्टॉल कर सकता है?** आरसीसीबी को केवल किसी लाइसेंस प्राप्त इलेक्टि शियन से ही इंस्टॉल करवाना चाहिए.ऐसा करना आपकी सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। आप दिल्ली श्रम विभाग की वेबसाइट https://labour.delhi.gov.in/labour/contact-us पर लाइसेंस प्राप्त प्रोफेशनल्स की लिस्ट देख सकते हैं।




## प्रत्येक उपभोक्ता के लिए प्रमुख दिशा-निर्देश:

- ✅ **इंस्टॉलेशन कराना अनिवार्य है:** अपने घर या ऑफिस में आरसीसीबी अवश्य लगवाएं। ऐसा करना कानूनी रूप से आवश्यक है।
- ✅ **सही रेटिंग चुनें:** अधिकतम व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए 30mA संसटिविटी वाली आरसीसीबी ही चुनें।
- ✅ **नियमित जांच करें:** प्रत्येक छह महीने में एक बार "TEST" बटन अवश्य दबाएं। आरसीसीबी तुरंत ट्रिप करेगी। यदि ऐसा नहीं होता, तो इसका मतलब है कि वह खराब हो गई है और उसे बदलने की आवश्यकता है।
- ✅ **ट्रिप को नजरंदाज न करें:** यदि आपकी आरसीसीबी ट्रिप करती है, तो इसका मतलब है कि करंट का रिसाव लीकेज हो रहा है। यह आपकी वायरिंग या किसी एप्लायंस में किसी खतरनाक दोष की ओर इशारा है। तुरंत किसी लाइसेंस प्राप्त इलेक्ट्रिशियन से संपर्क करें और इस दोष को दूर करें। करंट का रिसाव होना न केवल खतरनाक होता है, बल्कि इसकी वजह से इलेक्ट्रिसिटी की बर्बादी होती है और आपके बिजली बिल भी बढ़ते हैं।
- ❌ **कभी भी बायपास या रिमूव न करें:** आरसीसीबी को बायपास करना ऐसा ही होता है जैसे आपने अपनी कार से एयरबैग्स को हटा दिया हो। ऐसा कभी भी नहीं करना चाहिए।

## सुरक्षा चेतावनी: एचवीडीएस एरिया और पावर लाइन के नजदीक कंस्ट्रक्शन



- क्या आपका घर किसी ऐसे इलाके में जहां बीआरपीएल का हाइ वोल्टेज डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम HVDS लगा है?
  क्या आप किसी बाहरी काम को करने की योजना बना रहे हैं, जैसे कंस्ट्रक्शन, रेनोवेशन, टाइलिंग, या पेंटिंग, जो कि ओवरहेड पावर लाइनों के नजदीक है?

**ठहरिए!** कोई भी काम शुरू करने से पहले, आपको अपने एरिया सब-डिवीजन ऑफिसर से अवश्य संपर्क कर सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों, सावधानियों और इन गतिविधियों से जुड़े जोखिमों के बारे में जानकारी प्राप्त करनी चाहिए। आप बीआरपीएल सब-डिवीजन ऑफिसों के बारे में, निम्न बीएसईस वेबसाइट लिंक से जानकारी ले सकते हैं:

https://www.bsesdelhi.com/web/brpl/sub-division-offices

- केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के विनियमन 64 के अनुसार, ओवरहेड बिजली तारों के नीचे या नजदीक से रॉड्स, पाइपों या धातु से निर्मित अन्य ऐसी ही वस्तुओं को लाना या उनकी ढुलाई करना, पूरी तरह से निषिद्ध है।
  यह अनिवार्य सुरक्षा प्रोटोकॉल घातक दुर्घटनाओं, इलेक्ट्रोक्यूशन और प्रपर्टी को नुकसान पहुंचने से रोकने के लिए बनाया गया है। अपनी या दूसरों की जिंदगी खतरे में नहीं डालें।

**आपकी सुरक्षा आपके हाथों में है।**

आरसीसीबी आपके परिसर की सुरक्षा के लिए छोटा-सा निवेश है जो आपको और आपके प्रियजनों को बहुमूल्य सुरक्षा का लाभ दिलाता है। इसे इंस्टॉल करवाएं, टेस्ट करें, और इसकी चेतावनियों को अनदेखा न करें।

**क्योंकि जिंदगी है बहुमूल्य उपहार।**